आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 14.03.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में होली का त्यौहार परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।
- लोकपर्व फूल देई आज से शुरू। पर्वतीय अंचल में बच्चों ने देहरी पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।
- टिहरी जिला प्रशासन नए सत्र से नरेंद्र नगर और प्रताप नगर के मदन नेगी में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करेगा।
- **और,** मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना व्यक्त की।

होली

प्रदेश में होली का त्यौहार परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में होली की धूम देखने को मिली। सुबह लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान होलियारों की टोलियों ने पारंपरिक परिधान पहने घर–घर जाकर होली के गीत गाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ होली खेली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रंगोत्सव के त्यौहार से सभी को संकल्प लेकर उत्तराखंड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना होगा।

चमोली जिले के गोपीनाथ मंदिर में वर्षों से चला आ रहा पारंपरिक होली उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में होलियार पहुंचे। उधर, कुमाऊं मंडल में खड़ी और बैठकी होली मनाई गई। होली पर होलियार पारंपरिक ढोल–दमाऊं और मंजीरों की थाप पर होली गीत गाते नजर आए। अल्मोड़ा जिले के मां नंदा देवी मंदिर प्रांगण में आज सर्वदलीय महिला समिति ने होली गायन का आयोजन किया। सर्वदलीय महिला समिति की सचिव गीता मेहरा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमारी संस्कृति को बचाए रखने का प्रयास किया गया है।

**फूल देई**

लोकपर्व फूल देई आज पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। पहाड़ी जिलों में बच्चों ने देहरी पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। चंपावत जिले में भी फूल देई मनाई गई। जिले के सुई गांव की लक्षिता चौबे ने बताया कि फूल देई उत्तराखंड का लोकपर्व है और यह कुमाऊं व गढ़वाल दोनों जगह मनाया जाता है। लक्षिता ने बताया कि इस त्यौहार में गांव के बच्चे सुबह जंगल से फूल लाकर देहि पर रखते हैं, जिसके बदले में गांव वाले उन्हें गुड़, मिठाई और अनाज आदि देते हैं। उन्होंने बताया कि यह त्यौहार वसंत के आगमन का भी संकेत देता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में बच्चों के साथ लोकपर्व फूलदेई का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति का आभार प्रकट करने और बसंत ऋतु के स्वागत का प्रतीक लोकपर्व फूलदेई न केवल सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे प्राचीन रीति–रिवाजों को सम्मान देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

गौरतलब है कि हिन्दू नव वर्ष यानी चैत्र महीने की 1 गते को उत्तराखंड के कुमाऊं में मेष संक्रांति, फूल संक्रांति और फूल देई के नाम से यह त्यौहार मनाया जाता है। इस समय चारों ओर हरियाली और नाना प्रकार के फूल खिले होते हैं।

**शिक्षा सत्र**

टिहरी जिला प्रशासन इसी शैक्षणिक सत्र से नरेंद्र नगर और प्रताप नगर के मदन नेगी में स्वीकृत दो नए केंद्रीय विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने जा रहा है। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नए सत्र से अस्थायी भवनों में शिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

## आधुनिक कृषि

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत रूद्रप्रयाग जिले की 30 महिलाओं ने आधुनिक कृषि के गुर सीखे। शैक्षिक भ्रमण दल ने चार दिवसीय भ्रमण के दौरान नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का निरीक्षण कर कई जानकारियां प्राप्त की। दल को पूसा स्थित कृषि तकनीक एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष प्रशिक्षण और शोध केंद्र के भ्रमण दौरान स्थानीय स्तर पर मौसमी व बेमौसमी खेती और अन्य उत्पादों के उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संरक्षित खेती, जैविक खेती, पोषण सुरक्षा, फसल विविधीकरण के बारे में बताया गया। महिला उद्यमिता और कृषि में महिलाओं की भूमिका और तकनीकी नवाचार पर अन्य विशेषज्ञों के साथ संवाद भी किया।

## रिजर्व बैंक

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को 'प्राथमिक क्षेत्र ऋण' में शामिल करके उन्हें वित्त प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश की लड़ाई में तेजी आई है। नई दिल्ली में कल 'जलवायु परिवर्तन– जोखिम और वित्त' के बारे में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंकों ने अपने देश की परिस्थितियों को देखते हुए कुछ क्षेत्रों के लिए निर्देशित ऋण नीतियों को अपनाया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, बायोमास आधारित, पवन चक्कियों, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली और दूरदराज के गांवों में विद्युतीकरण परियोजनाओं को ऋण मंजूर करने के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले तीन दिनों तक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस अवधि के दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में 17 मार्च तक बर्फबारी का अनुमान है।

इस बीच, मौसम विभाग ने नैनीताल और देहरादून में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी की संभावना जताई है। इसके अलावा, राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की चेतावनी भी जारी की गई है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स

भारत ने दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रॉ–प्री 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 134 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय एथलीट्स ने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में असाधारण प्रदर्शन किया। पुरुष शॉटपुट में भारत ने सभी पदक अपने नाम किए। भारत के सागर ने 11 दशमलव चार–सात मीटर तक गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जंका सिंह ने रजत और बालाजी राजेन्द्रन ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड में भारत के विनय ने रजत और अभिषेक बाबा साहिब जाधव ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भारत की प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता।